**SET – 4**

**Series : SGN/C**

कोड नं.
**Code No. 71**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **8** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **8** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# चित्रकला (सैद्धान्तिक)

## (भारतीय कला का इतिहास)

# PAINTING (Theory)

## (HISTORY OF INDIAN ART)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours* — *Maximum Marks : 40*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी आठ*** *प्रश्न अनिवार्य हैं, जिनके अंक समान हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1** व **2** का प्रत्येक उत्तर लगभग **200** शब्दों में तथा प्रश्न संख्या **3**, **4** व **5** का प्रत्येक उत्तर लगभग **100** शब्दों में लिखिए । प्रश्न संख्या **6**, **7** व **8** वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं ।*

***General Instructions :***

- *(i)* ***All** the **eight** questions are compulsory, which carry equal marks.*
- *(ii)* *Answers to be written for question nos. **1** and **2** in about **200** words each and for question nos. **3, 4** and **5** in about **100** words each. Question nos. **6,** 7 and **8** are objective type.*

1. निम्नलिखित समकालीन (आधुनिक) भारतीय चित्रों में से **किसी एक** की सौंदर्य भव्यता का मूल्यांकन यथाविधि इसके (अ) चित्रकार का नाम, (ब) माध्यम एवं तकनीक, (स) विषय-वस्तु तथा (द) संयोजन के आधार पर कीजिए :

(1) **गिद्ध**

**अथवा**

(2) **गपशप**

**अथवा**

(3) **सागर का मद-मर्दन करते हुए राम** 5

Evaluate the aesthetic grandeur of **any** of the following contemporary (modern) Indian paintings duly based on its (a) Name of artist, (b) Medium & technique, (c) Subject-matter and (d) Composition :

(1) **The Vulture**

**OR**

(2) **Gossip**

**OR**

(3) **Rama Vanquishing the Pride of the Ocean**

2. आप अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित राजस्थानी **अथवा** पहाड़ी लघु-चित्रशैली के चित्रों को क्यों पसन्द **अथवा** नापसन्द करते हैं ? अपने उत्तर का औचित्य उपयुक्त उदाहरणों सहित विस्तारपूर्वक सिद्ध कीजिए। 5

Why do you like **or** dislike the paintings of the Rajasthani **or** Pahari School of Miniature Painting included in your course of study ? Justify your answer in detail with suitable examples.

3. क्या आप प्रसिद्ध मुग़ल लघु-चित्र **'कबीर और रैदास' अथवा** प्रसिद्ध दक्खिनी लघु-चित्र **'हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया और अमीर खुसरो'** से कोई आध्यात्मिक संदेश पाते हैं ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए। 5

Do you receive any spiritual message from the famous Mughal miniature-painting **'Kabir and Raidas' or** famous Deccani miniature-painting **'Hazrat Nizammuddin Auliya and Amir Khusro' ?** Explain in short.

4. भारतीय राष्ट्रीय ध्वज में प्रयुक्त रंगों के प्रतीकात्मक महत्त्व पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **5**

Write a short note on the symbolic significance of the colours used in the Indian National Flag.

5. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित समकालीन (आधुनिक) भारतीय कलाकृतियों में से **किसी एक** संबद्ध कलाकृति की **पहचान कीजिए,** जिसमें निम्नलिखित विशेषताएँ समाविष्ट हों और उन्हें उस कलाकृति में तदनुसार समझाइए :

(अ) अमृता शेरगिल के चित्रों में भारतीयता का अधिक प्रकटीकरण हुआ है ।

**अथवा**

(ब) देवीप्रसाद रायचौधरी के मूर्ति-शिल्पों में मानव शरीर-रचना का दक्षतापूर्ण निष्पादन किया गया है ।

**अथवा**

(स) के. लक्ष्मा गौड के छापा-चित्रों में मानवीय संवेदनाओं और प्रकृति से गहरे जुड़ाव का प्रकटीकरण हुआ है । **5**

**Identify any** relevant contemporary (modern) Indian art work included in your course of study comprising of the following features and explain them in that art work accordingly :

(a) The paintings of Amrita Shergil reveal much Indianness.

**OR**

(b) The human-anatomy is manifested with perfection in the sculptures of D.P. Roychoudhary.

**OR**

(c) The graphic-prints of K. Laxma Goud express human emotions and deep attachment with nature.

6. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित राजस्थानी **तथा** पहाड़ी लघु-चित्रशैलियों के **किन्हीं पाँच चित्रकारों के नाम** बताइए । **5**

Mention the **names of any five painters** of the Rajasthani **and** Pahari Schools of miniature-painting included in your course of study.

7. (अ) निम्नलिखित मुग़ल लघु–चित्रों में से प्रत्येक की रचना किस मुग़ल शहंशाह के समय (संरक्षण) में की गई ?

(1) **गोवर्धनधारी कृष्ण**

(2) **दारा शिकोह की बारात**

(3) **जहाँगीर मैडोना का चित्र लिये हुए** **3**

(ब) निम्नलिखित दक्खिनी लघु–चित्रों में से प्रत्येक की **उप–शैली का नाम** बताइए :

(1) **सुलतान अब्दुल्ला कुतबशाह**

(2) **रागिनी पट–हंसिका** **2**

(a) Under whose Mughal emperor's period (Patronage) were the following miniature-paintings produced ?

(1) **Krishna Lifting Mount Govardhana**

(2) **Marriage Procession of Dara Shikoh.**

(3) **Jahangir Holding the Picture of Madona.**

(b) Mention the **name of the sub-school** of each of the following Deccani miniature-paintings :

(1) **Sultan Abdulla Qutab Shah**

(2) **Ragini Pat-Hamsika**

8. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित बंगाल शैली के **उन पाँच चित्रकारों के नाम** बताइए, जो आपकी दृष्टि में महत्त्वपूर्ण हैं । **5**

Mention the **names of those five painters** of the Bengal School included in your course of study, who are important in your view.

---